CMYK

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

# भीलवाड़ा फोकस

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 02 | अंक - 25 | बिजौलिया - मंगलवार,25 अगस्त,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4 | WWW.BHILWARAFOCUS.COM

## चुनावी मौसम में साइबर ठगों की नजर राजस्थान पुलिस ने जारी की एडवाइजरी

**फर्जी वोटर लिस्ट लिंक से लेकर डीपफेक वीडियो तक से रहें सावधान; OTP, UPI PIN और बैंक डिटेल मांगने वाला कोई भी व्यक्ति हो सकता है साइबर ठग**

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर ।**

नगर निकाय एवं पंचायती राज संस्थाओं के आगामी आम चुनावों को लेकर राजस्थान पुलिस ने साइबर सुरक्षा के मद्देनजर अलर्ट जारी किया है। चुनावी माहौल में साइबर ठग मतदाताओं, चुनाव प्रत्याशियों, राजनीतिक कार्यकर्ताओं और चुनाव ड्यूटी में तैनात अधिकारियों-कर्मचारियों को निशाना बनाकर साइबर वित्तीय धोखाधड़ी के साथ-साथ भ्रामक और फर्जी सूचनाएं फैला सकते हैं। पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा के निर्देश पर आमजन को सतर्क करने के लिए पुलिस मुख्यालय की साइबर क्राइम शाखा ने विस्तृत एडवाइजरी जारी की है।

अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस, साइबर क्राइम एवं तकनीकी सेवाएं वी.के. सिंह ने बताया कि चुनाव के दौरान विशेष रूप से फर्जी लिंक, ओटीपी, क्यूआर कोड, फिशिंग ई-मेल, डीपफेक वीडियो और फेक न्यूज के जरिए ठगी एवं भ्रम फैलाने की आशंका है। उन्होंने आमजन से किसी भी संदिग्ध सूचना पर तत्काल विश्वास नहीं करने और उसकी आधिकारिक पुष्टि करने की अपील की।

**'वोटर लिस्ट में नाम देखें' के नाम पर आ सकता है फर्जी लिंक**

साइबर ठग व्हाट्सऐप और एसएमएस के जरिए 'अपना नाम वोटर लिस्ट में देखें' या 'आपका पोलिंग बूथ बदल गया है' जैसे संदेश भेजकर फर्जी लिंक पर क्लिक करवा सकते हैं। पुलिस ने ऐसे किसी भी संदिग्ध लिंक पर क्लिक नहीं करने की सलाह दी है। मतदाता सूची और मतदान से जुड़ी जानकारी के लिए केवल राजस्थान राज्य निर्वाचन आयोग और सीईओ राजस्थान की आधिकारिक वेबसाइट का ही उपयोग करने को कहा गया है।

**ओटीपी मांगने वाला 'अधिकारी' भी हो सकता है ठग**

वोटर कार्ड अपडेट, सत्यापन या किसी चुनावी प्रक्रिया के नाम पर फोन करने वाले व्यक्ति को ओटीपी, बैंक खाते की जानकारी, यूपीआई पिन अथवा अन्य निजी जानकारी साझा नहीं करें। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि ओटीपी किसी के साथ साझा करना साइबर ठगी का कारण बन सकता है।

**नेताओं के नाम से वायरल डीपफेक वीडियो पर न करें भरोसा**

चुनाव के दौरान सोशल मीडिया पर नेताओं के नाम से फर्जी वीडियो, ऑडियो, भाषण और डीपफेक सामग्री वायरल होने की आशंका है। पुलिस ने कहा है कि किसी भी वीडियो या ऑडियो को आधिकारिक पुष्टि के बिना सच नहीं मानें और सत्यता जांचे बिना उसे आगे फॉरवर्ड भी नहीं करें।

**प्रत्याशी और कार्यकर्ता सोशल मीडिया अकाउंट करें सुरक्षित**

चुनाव प्रत्याशियों और राजनीतिक कार्यकर्ताओं को फेसबुक, इंस्टाग्राम,



एक्स और व्हाट्सऐप सहित सोशल मीडिया अकाउंट पर टू-स्टेप वेरिफिकेशन (टूएफए) सक्रिय रखने की सलाह दी गई है। साथ ही मजबूत पासवर्ड का उपयोग करने और अनजान लिंक के जरिए लॉगिन संबंधी जानकारी साझा नहीं करने को कहा गया है।

**चुनावी चंदे के नाम पर क्यूआर कोड से ठगी का खतरा**

डोनेशन और फंड रेजिंग के नाम पर भेजे जाने वाले यूपीआई लिंक और क्यूआर कोड की जांच करने की सलाह दी गई है। पुलिस ने स्पष्ट किया कि किसी से पैसा प्राप्त करने के लिए यूपीआई पिन डालने की जरूरत नहीं होती। क्यूआर कोड स्कैन करने या पिन दर्ज करने से पहले लेन-देन की पूरी जानकारी अवश्य जांचें।

**व्हाट्सऐप ग्रुप एडमिन भी रहें अलर्ट**

चुनावी प्रचार और गतिविधियों से जुड़े व्हाट्सऐप ग्रुप के एडमिन को भी सावधानी बरतने के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस ने भरोसेमंद सदस्यों को ही संदेश पोस्ट करने की अनुमति देने तथा जरूरत पड़ने पर ग्रुप सेटिंग में 'ओनली एडमिन्स' विकल्प का उपयोग करने की सलाह दी है।

**चुनाव ड्यूटी कार्मिक पब्लिक वाई-फाई से बचें**

चुनावी डेटा अथवा ईवीएम/वीवीपैट से संबंधित संवेदनशील जानकारी निजी डिवाइस या असुरक्षित नेटवर्क/पब्लिक वाई-फाई पर साझा नहीं करने के निर्देश दिए गए हैं। अनजान ई-मेल आईडी से प्राप्त चुनाव संबंधी सर्कुलर, लिंक या अटैचमेंट को बिना सत्यापन के खोलने से भी बचने को कहा गया है।

**ठगी होते ही तुरंत शिकायत करें**

साइबर वित्तीय धोखाधड़ी होने पर बिना देरी किए संबंधित साइबर हेल्पलाइन, नजदीकी पुलिस स्टेशन या साइबर पुलिस स्टेशन से संपर्क करने की अपील की गई है। साथ ही राष्ट्रीय साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल के माध्यम से भी शिकायत दर्ज कराई जा सकती है।

**पुलिस की अपील 'सतर्क मतदाता ही सुरक्षित मतदाता'**

राजस्थान पुलिस ने आमजन से अपील की है कि चुनाव से संबंधित किसी भी सूचना पर विश्वास करने से पहले उसके स्रोत की पुष्टि करें। संदिग्ध लिंक, फोन कॉल, ओटीपी, क्यूआर कोड और सोशल मीडिया पर वायरल सामग्री से सावधान रहें। साइबर ठगी का शिकार होने पर तत्काल पुलिस को सूचना दें।

## हर-हर महादेव के जयकारों से गूंजा भीलवाड़ा, निकली भव्य कांवड़ यात्रा

**माण्डल तालाब की पाल से हरणी महादेव तक निकली यात्रा, पुष्पवर्षा से हुआ कांवड़ियों का स्वागत**





**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

**पुनित चपलोत ।** सावन के पवित्र माह के अवसर पर विजन इंडिया वेलफेयर सोसायटी के तत्वावधान में भीलवाड़ा में भव्य कांवड़ यात्रा निकाली गई। पूर्व मंत्री एवं कांग्रेस देहात अध्यक्ष रामलाल जाट के नेतृत्व में निकली यात्रा माण्डल तालाब की पाल से पूजा-अर्चना एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ रवाना हुई।

कंधों पर गंगाजल से भरी कांवड़ लेकर श्रद्धालु हर-हर महादेव और जय भोलेनाथ के जयकारे लगाते हुए शहर की ओर बढ़े। यात्रा मार्ग में जगह-जगह स्थानीय लोगों और सामाजिक संगठनों ने कांवड़ियों पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। श्रद्धालुओं ने मार्ग में आने वाले मंदिरों एवं देवालयों में गंगाजल से भगवान शिव का जलाभिषेक किया।

कांवड़ यात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए प्रसिद्ध तीर्थ स्थल हरणी महादेव पहुंची, जहां कांवड़ियों द्वारा भगवान महादेव का सामूहिक महाजलाभिषेक किया गया। यात्रा के दौरान डीजे पर बज रहे शिव भजनों से वातावरण शिवमय नजर आया और श्रद्धालु भक्ति में झूमते दिखाई दिए। सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों की ओर से मार्ग में विश्राम, जलपान और प्राथमिक चिकित्सा की व्यवस्थाएं भी की गईं।

**सामाजिक समरसता का दिया संदेश**

यात्रा के दौरान रामलाल जाट ने कहा कि कांवड़ यात्रा का उद्देश्य भगवान शिव का जलाभिषेक करने के साथ समाज में भाईचारा, सामाजिक समरसता और समानता का संदेश देना भी है। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म विश्व कल्याण और प्राणी मात्र की रक्षा का संदेश देता है। समाज से छुआछूत और ऊंच-नीच की भावना समाप्त कर हर परिवार में समानता एवं सम्मान स्थापित करने की जरूरत है।

उन्होंने समुद्र मंथन का प्रसंग सुनाते हुए कहा कि भगवान महादेव ने विषपान कर नीलकंठ का रूप धारण किया था। उसी भावना से आज समाज में नफरत और विभाजन के जहर को समाप्त कर भाईचारा कायम करने की आवश्यकता है।

**रोजगार और किसानों के मुद्दे भी उठाए**

जाट ने युवाओं को रोजगार, किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य तथा मजदूरों को उनके अधिकार दिलाने के साथ महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को सम्मान एवं न्याय देने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने गंगाजल को गांवों में ग्राम देवताओं और पेड़-पौधों को अर्पित कर पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक एकता का संदेश देने की बात भी कही।


## एमआरपी से ज्यादा वसूली पर दो फर्मों पर कार्रवाई

**शाहपुरा और भीलवाड़ा में विधिक माप विज्ञान विभाग का विशेष अभियान, 15 हजार रुपए जुर्माना**

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

उपभोक्ताओं को निर्धारित मात्रा में वस्तुएं उपलब्ध कराने और पैकेजिंग व मूल्य संबंधी नियमों की पालना सुनिश्चित करने के लिए उपभोक्ता मामले विभाग के निर्देश पर जिले में विधिक माप विज्ञान नियमों के तहत विशेष जांच अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत विधिक माप विज्ञान अधिकारी, भीलवाड़ा की टीम ने शाहपुरा और भीलवाड़ा में चार फर्मों की जांच की। इनमें जय बाबा री कैंटीन, रोडवेज बस स्टेशन शाहपुरा, जय श्रीजी जलपान गृह, रोडवेज बस स्टैंड शाहपुरा, श्री बालाजी रेस्टोरेंट, चित्तौड़ रोड भीलवाड़ा तथा महावीर गजक भंडार, रोडवेज बस स्टैंड चौराहा भीलवाड़ा शामिल हैं।

जांच के दौरान नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर दो फर्मों के खिलाफ कार्रवाई की गई। महावीर गजक भंडार पर पैकेजिंग रजिस्ट्रेशन नहीं होने के साथ एमआरपी से अधिक कीमत वसूलने के मामले में 10 हजार रुपए का जुर्माना



लगाया गया। वहीं श्री बालाजी रेस्टोरेंट पर एमआरपी से अधिक मूल्य लेने के मामले में 5 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया।

इस तरह दोनों फर्मों पर कुल 15 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया।

विधिक माप विज्ञान अधिकारी ने बताया कि उपभोक्ताओं को सही मात्रा में वस्तुएं उपलब्ध हों तथा लीगल मेट्रोलॉजी के प्रावधानों की प्रभावी पालना सुनिश्चित हो, इसके लिए जिले में जांच और कार्रवाई का अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

## त्योहारों को लेकर प्रशासन अलर्ट, शांति समिति की बैठक में बनी रणनीति



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

बारावफात, कृष्ण जन्माष्टमी, अनंत चतुर्दशी सहित आगामी पर्व एवं त्योहारों को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए सोमवार को जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित हुई। जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू की अध्यक्षता में हुई बैठक में जिला पुलिस अधीक्षक सागर राणा सहित विभिन्न समुदायों के प्रतिनिधि एवं संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

बैठक में त्योहारों के दौरान जिले में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। जिला कलेक्टर ने कहा कि जिले में सभी समुदाय वर्षों से आपसी समन्वय और भाईचारे के साथ पर्व मनाते आए हैं। इसी परंपरा को कायम रखते हुए सभी त्योहार पारंपरिक एवं शांतिपूर्ण तरीके से मनाए जाएं।

जिला कलेक्टर ने कहा कि वर्तमान में नगरीय निकाय चुनाव के चलते आदर्श आचार संहिता लागू है। ऐसे में सभी आयोजनकर्ता और संबंधित पक्ष चुनाव आयोग के निर्धारित नियमों एवं आचार संहिता की शत-प्रतिशत पालना सुनिश्चित करें।

उन्होंने नगर निकाय अधिकारियों को त्योहारों के मद्देनजर शहर में साफ-सफाई, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था और आवश्यक साज-सज्जा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। संबंधित विभागों को आपसी समन्वय से सभी व्यवस्थाएं समय पर पूरी करने को कहा गया।

जिला पुलिस अधीक्षक सागर राणा ने कहा कि सभी त्योहार कानून एवं शांति व्यवस्था का पालन करते हुए शांतिपूर्ण ढंग से मनाए जाएं। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को जुलूस के प्रमुख मार्गों और आयोजन स्थलों का पहले से निरीक्षण कर आवश्यक सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि जुलूस, बैनर और फ्लेक्स आदि के संबंध में निर्धारित नियमों की पालना कराई जाए। किसी भी प्रकार के आपत्तिजनक नारे या गतिविधियों को अनुमति नहीं दी जाएगी। पुलिस एवं प्रशासन की प्राथमिकता जिले में शांति और सौहार्द का वातावरण बनाए रखना है।

बैठक में विभिन्न समुदायों के प्रतिनिधियों ने त्योहारों से संबंधित समस्याएं एवं आवश्यकताओं से प्रशासन को अवगत कराया। जिला कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण करने के निर्देश दिए।

बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर सिटी प्रतिभा देवटिया, एडिशनल एसपी राजेश आर्य, नगर निगम आयुक्त कमल सिंह यादव, नगर विकास न्यास ओएसडी पुनीत गेलरा सहित विभिन्न संप्रदायों के प्रतिनिधि एवं अधिकारी मौजूद रहे।

## निकाय चुनाव से पहले भीलवाड़ा पुलिस का बड़ा एक्शन, 72 अपराधी गिरफ्तार

**30 टीमों ने 142 ठिकानों पर दी दबिश; 2000 लीटर वॉश नष्ट, अवैध चाकू बरामद, वांछित और हार्डकोर अपराधियों पर भी शिकंजा**

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

निकाय चुनावों को देखते हुए भीलवाड़ा पुलिस ने वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी और एरिया डोमिनेशन को लेकर एक दिवसीय विशेष अभियान चलाकर बड़ी कार्रवाई की। जिला पुलिस अधीक्षक सागर राणा आईपीएस के आदेश पर चलाए गए अभियान में पुलिस की 30 विशेष टीमों ने जिलेभर में 142 स्थानों पर दबिश दी। कार्रवाई में कुल 72 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय राजेश आर्य के निर्देशन में वृत्ताधिकारियों एवं थानाधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा कर अभियान की कार्ययोजना तैयार की गई थी। इसके बाद थानावार टास्क निर्धारित कर दबिश के लिए विशेष टीमों और रूट को अंतिम रूप दिया गया।

**127 पुलिसकर्मियों ने संभाला मोर्चा**

अभियान में 30 टीमों के कुल 127 पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया। टीमों ने जिले में चिन्हित अपराधियों और संदिग्ध ठिकानों पर एक साथ दबिश देकर कार्रवाई की।

**48 वांछित अपराधी गिरफ्तार**

अभियान के दौरान स्थाई वारंटी, उद्घोषित अपराधी, गिरफ्तारी वारंट तथा संबंधित कानूनी प्रावधानों के तहत कुल 48 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। इनमें लंबे समय से पुलिस की गिरफ्त से बाहर चल रहे वांछित अपराधी भी शामिल रहे।

**हार्डकोर और इनामी अपराधियों पर भी कार्रवाई**

पुलिस ने एचएस, हार्डकोर और इनामी अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 3 अपराधियों को गिरफ्तार किया। वहीं लूट और डकैती जैसे जघन्य अपराधों में वांछित एक अपराधी को भी गिरफ्तार किया गया।

**अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई, 2000 लीटर वॉश नष्ट**

अभियान के दौरान आबकारी अधिनियम के तहत 4 प्रकरण दर्ज किए गए। पुलिस ने अवैध शराब बनाने के लिए रखी गई करीब 2000 लीटर वॉश नष्ट की।

**अवैध हथियार रखने वालों पर भी शिकंजा**

पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत 2 प्रकरण दर्ज किए। कार्रवाई के दौरान दो अवैध धारदार चाकू बरामद किए गए।

**असामाजिक तत्वों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई**

असामाजिक तत्वों के विरुद्ध भी पुलिस ने प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की। संबंधित धाराओं के तहत 25 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

पुलिस के अनुसार निकाय चुनाव के मद्देनजर क्षेत्र में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए इस तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

**चुनाव को लेकर पुलिस की सख्ती जारी**

भीलवाड़ा पुलिस ने स्पष्ट किया है कि निकाय चुनावों के मद्देनजर अवैध गतिविधियों, वांछित अपराधियों, अवैध मादक पदार्थों, हथियारों और असामाजिक तत्वों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा। पुलिस का उद्देश्य चुनाव के दौरान जिले में शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त माहौल बनाए रखना है।

राधे कृष्णा हर्बल
मोरिंगा पाउडर एवं कैप्सूल
30, माणक नगरी बून्दी रोड़ बिजोलिया MO.8426904895

CMYK

## बरसों पुरानी मांग पूरी, कोटड़ी बस स्टैंड की बदलेगी तस्वीर



**भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी।**

**राजेंद्र बबलू पोखरणा।** कस्बे के नए बस स्टैंड पर बरसों पुरानी सीसी सड़क निर्माण की मांग आखिरकार पूरी हो गई। सोमवार को बस स्टैंड परिसर में सीसी सड़क का निर्माण कार्य शुरू हुआ। कार्य शुरू होने पर भाजपा कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों ने जहाजपुर विधायक गोपीचंद मीणा का आभार जताया।

भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रहलाद सेन ने बताया कि बस स्टैंड पर लंबे समय से सीसी सड़क निर्माण की मांग की जा रही थी। भाजपा कार्यकर्ताओं ने विधायक के समक्ष मांग रखी थी, जिसके बाद निर्माण कार्य शुरू हुआ।

इस दौरान पूर्व प्रधान जमनालाल डीडवाना, राजू तेली, निर्मल लोढ़ा, श्री कल्याण आचार्य, अनिल तिवाड़ी, राघव आचार्य, देबीलाल जाट, रामजस जाट, ओम सुवालका, कैलाश मेघवंशी, अनिल लोढ़ा सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# कोटड़ी श्याम के दरबार में 1008 यूनिट रक्तदान का संकल्प

### जलझूलन महोत्सव के तहत 13 सितंबर को लगेगा विशाल रक्तदान शिविर

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी**

**राजेन्द्र बबलू पोखरना ।** श्री कोटड़ी श्याम जलझूलन महोत्सव-2026 के तहत 13 सितंबर को श्री चारभुजा मंदिर परिसर में विशाल रक्तदान शिविर आयोजित होगा। श्री चारभुजा मंदिर ट्रस्ट एवं सहयोग सेवार्थ फाउंडेशन, भीलवाड़ा के संयुक्त तत्वावधान में होने वाले शिविर में 1008 यूनिट रक्त संग्रह का लक्ष्य रखा गया है।

शिविर के बैनर एवं पोस्टर का विमोचन सोमवार को मंदिर परिसर में किया गया। इसके साथ ही क्षेत्र के युवाओं, रक्तदाताओं और श्याम भक्तों को अभियान से जोड़ने के लिए आमंत्रण अभियान शुरू किया गया।

मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष सुदर्शन गाड़ोदिया ने रक्तदान को महादान बताते हुए क्षेत्रवासियों से अधिकाधिक संख्या में रक्तदान करने का आह्वान किया। फाउंडेशन के सचिव गोपाल विजयवर्गीय ने बताया कि मंदिर परिसर में लगातार नौवें वर्ष रक्तदान शिविर आयोजित किया जा रहा है। पोस्टर विमोचन के बाद



आसपास के गांवों में संपर्क अभियान चलाकर युवाओं एवं रक्तदाताओं को प्रेरित किया जाएगा। आयोजकों ने कहा कि धार्मिक आस्था के साथ सेवा का संदेश देने के उद्देश्य से आयोजित इस अभियान में क्षेत्रवासियों से 1008 यूनिट रक्तदान के संकल्प को पूरा करने में सहभागी बनने की अपील की गई है।

# विद्यार्थियों को बताए विधिक अधिकार, हेल्पलाइन और कानूनी सहायता के प्रावधान

### बिजौलिया महाविद्यालय में विधिक जागरूकता कार्यक्रम, रानी लक्ष्मीबाई प्रशिक्षण केंद्र की गतिविधियों की भी दी जानकारी



**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया**

**मानव तिवाड़ी।** विद्यार्थियों को उनके विधिक एवं संवैधानिक अधिकारों के प्रति जागरूक करने तथा विभिन्न हेल्पलाइन सेवाओं और कानूनी सहायता की जानकारी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सोमवार को नगर के महाविद्यालय में विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को रानी लक्ष्मीबाई प्रशिक्षण केंद्र के उद्देश्यों, गतिविधियों और प्रशिक्षण से मिलने वाले लाभों के बारे में भी जानकारी दी गई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यवाहक प्राचार्य महेंद्र राज खोरवाल ने की, जबकि रानी लक्ष्मीबाई प्रशिक्षण केंद्र की प्रभारी चंद्रकांता मेघवाल रहीं। कार्यक्रम में वक्ताओं ने विद्यार्थियों को अधिकारों की जानकारी होने को सशक्त और जागरूक नागरिक बनने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

**आत्मनिर्भरता और सुरक्षा पर जोर**

कनिष्ठ सहायक रोहित प्रजापति ने रानी लक्ष्मीबाई प्रशिक्षण केंद्र के उद्देश्यों एवं गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि केंद्र का उद्देश्य विद्यार्थियों, विशेषकर छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाने, सुरक्षा के प्रति जागरूक करने तथा उन्हें आवश्यक कौशलों का प्रशिक्षण प्रदान करना है।

उन्होंने विद्यार्थियों से प्रशिक्षण केंद्र की गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेने का आह्वान किया।

**महिला अधिकारों और कानूनी सहायता की दी जानकार**

मुख्य वक्ता अधिवक्ता प्रदीप शर्मा ने महिला अधिकारों, मौलिक अधिकारों एवं विधिक सहायता से जुड़े महत्वपूर्ण प्रावधानों की जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को विभिन्न परिस्थितियों में उपलब्ध कानूनी सहायता एवं हेल्पलाइन सेवाओं के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि अपने अधिकारों की जानकारी होने से व्यक्ति किसी भी परिस्थिति में उचित कानूनी कदम उठा सकता है। ललिता सुवालका ने संविधान एवं नागरिकों के संवैधानिक अधिकारों पर जानकारी देते हुए कहा कि प्रत्येक नागरिक को अपने मौलिक और विधिक अधिकारों की जानकारी होना आवश्यक है। जागरूकता के अभाव में लोग कई बार अपने अधिकारों से वंचित रह जाते हैं, इसलिए विद्यार्थियों को कानून और संविधान की बुनियादी जानकारी अवश्य होनी चाहिए।

**विद्यार्थियों ने किया संवाद**

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने विधिक अधिकारों, हेल्पलाइन सेवाओं और प्रशिक्षण केंद्र से जुड़े विभिन्न विषयों पर वक्ताओं से संवाद किया तथा अपनी जिज्ञासाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर सहायक आचार्य रजनीश, सूरज वर्मा, राजेश मीणा, रेखा चौधरी, टीना नुवाल सहित महाविद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा। पीएलवी राम बाबू माथुर, अंजलि नायक एवं रवि भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# जो प्रेम भक्ति में रम जाता उसे दुनिया के कामों में आनंद नहीं आता-आचार्य रामदयालजी महाराज

### प्रेम भक्ति की गहराई एवं पराकाष्टा राधा कृष्ण का सम्बन्ध

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

हमारी भक्ति व परमात्मा के प्रति प्रेम में गहराई है तो भक्त के लिए वह अपने नियम बदल भी देते है ओर तोड़ भी सकते है। जहां प्रेम होता है वहां नियम नहीं हो सकते। प्रेमी को परमात्मा पकड़ लेते है। जिसे राम गुरू पकड़ ले उसे अन्य किसी की जरूरत नहीं रहती है। जो प्रेम भक्ति में लीन हो जाता है उसे दुनिया के अन्य कार्यो में आनंद नहीं आता है परमात्मा का प्रेम उसे अपनी ओर खींचता है। ये विचार अन्तरराष्ट्रीय रामस्नेही सम्प्रदाय शाहपुरा के पीठाधीश्वर जगतगुरू आचार्य स्वामी श्रीरामदयालजी महाराज ने सोमवार को ''विश्व शांति कल्याण'' चातुर्मास के तहत दैनिक सत्संग में प्रेम भक्ति की व्याख्या करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि राम को केवल प्रेम प्यारा है, प्रेम भक्ति से ही राम को पाया जा सकता है। जिन साधकों पर परमात्मा की कृपा हो जाती है वह उनके दर्शन अनुभूति कर सकते है। प्रेम भक्ति अद्भुत आनंद देने वाली भक्ति है। प्रेम पाने के लिए पात्र ओर पात्रता होनी





चाहिए। भक्ति की गहराई एवं निष्ठा होनी चाहिए। आचार्यश्री ने कहा कि दुनिया में सबसे उंची प्रेम सगाई होती है। जो प्रेम की उंचाई को पा लेता है वह अपने धर्म ओर संस्कृति को भी उंचा उठा लेते है। एक ओर नमस्कार ओर दूसरी ओर तिरस्कार प्रेम नहीं हो सकता। प्रेम भक्ति चित की गहराई से की जाती है। प्रेम भक्ति की गहराई एवं पराकाष्टा राधा कृष्ण का सम्बन्ध है जो प्रेम की अर्न्तगहराई को प्रकट करता है। हमारे शास्त्र प्रेम भक्ति के कई उदाहरणों से भरे पड़े है।

आचार्य रामदयालजी महाराज ने कहा कि प्रेम के बिना भक्ति अधूरी है। बिना प्रेम कोई भक्ति नहीं हो सकती ओर जहां प्रेम से भक्ति जुड़ जाती है वहां अद्भुत आनंद की प्राप्ति होती है ओर भक्त का जीवन खुशियों से परिपूर्ण हो जाता है। हम सबके जीवन में प्रेम भक्ति का वास रहे ओर हम परमात्मा से प्रेम करना सीख जाएंगे तो हमारा जीवन भी सार्थक हो जाएगा।

आचार्यश्री से पूर्व अन्तरराष्ट्रीय रामस्नेही सम्प्रदाय के प्रखर वक्ता संत मनोरथरामजी आलोट ने मानस प्रवचन दिया। संत प्रीतमरामजी सहित कुछ श्रद्धालुओं ने भजनों की प्रस्तुति दी। प्रवचन के विश्राम पर श्रद्धालुओं द्वारा आचार्यश्री रामदयालजी महाराज की आरती की गई। रामराय सेठिया परिवार बागोर वालों की ओर से चढ़ावे का लाभ प्राप्त किया गया। सत्संग में भीलवाड़ा सहित विभिन्न स्थानों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। चातुर्मास में दैनिक सत्संग का समय सुबह 9 से 10 बजे तक है। रामधुनी के साथ सुबह 8.30 से 9 बजे तक वाणीजी का पाठ हो रहा है। सूर्यास्त के समय संध्या आरती एवं रामस्नेही सम्प्रदाय के युवा संत रामजस ईडर द्वारा भक्तमाल की कथा में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे है।

# वार्ड 68 की मतदाता सूची पर सवाल, कलेक्टर कार्यालय के बाहर प्रदर्शन

### स्थानीय लोगों ने लगाया नाम हटाने और संदिग्ध मतदाताओं के नाम जोड़ने का आरोप, पुनरीक्षण व सत्यापन की मांग

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

**पुनित चपलोत ।** नगर निकाय चुनाव का बिगुल बजने के साथ ही मतदाता सूचियों को लेकर विरोध के स्वर उठने लगे हैं। सोमवार को भीलवाड़ा जिला कलेक्टर कार्यालय के बाहर वार्ड नंबर 68 के मतदाताओं और स्थानीय लोगों ने प्रदर्शन कर मतदाता सूची में कथित अनियमितताओं की जांच की मांग की।

प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि मतदाता सूची से स्थानीय निवासियों के नाम हटाए गए हैं, जबकि कुछ संदिग्ध मतदाताओं के नाम जोड़े गए हैं। प्रदर्शन के बाद प्रतिनिधिमंडल ने उपखंड अधिकारी से मुलाकात कर मतदाता सूची का पुनरीक्षण एवं प्रत्येक संदिग्ध नाम का सत्यापन कराने की मांग की। साथ ही अनियमितता पाए जाने पर संबंधित बीएलओ के खिलाफ कार्रवाई की मांग भी उठाई।



स्थानीय निवासी कुलदीप व्यास ने बताया कि वार्ड 68 की मतदाता सूचियों में कई विसंगतियां सामने आई हैं। उन्होंने भाग संख्या-1 में मकान नंबर 116 पर 25 मतदाताओं के नाम दर्ज होने का उदाहरण देते हुए इसे संदिग्ध बताया। इसी तरह मकान नंबर 232 पर 16 मतदाताओं के नाम दर्ज होने तथा एक ही मकान नंबर पर अलग-अलग परिवारों के नाम दर्ज होने का आरोप लगाया।

व्यास ने यह भी आरोप लगाया कि वार्ड में रहने वाले एक परिवार के सात सदस्यों के नाम मतदाता सूची से हटा दिए गए हैं। वहीं कुछ मतदाताओं के नाम एक ही सूची में दो-दो बार दर्ज होने का दावा भी किया गया।

**600 से 800 संदिग्ध वोट होने का दावा**

प्रदर्शनकारियों ने दावा किया कि वार्ड में करीब 600 से 800 संदिग्ध वोट हो सकते हैं, जिनका सत्यापन जरूरी है। स्थानीय लोगों के अनुसार करीब ढाई महीने पहले जारी सूची में वार्ड में लगभग 3200 मतदाता थे, जबकि आगामी सूची में यह संख्या करीब 4500 तक पहुंचने की संभावना है।

स्थानीय लोगों ने मांग की कि पिछले दो महीनों में जोड़े गए करीब 800 से 1000 नए नामों का अनिवार्य रूप से पुनरीक्षण और भौतिक सत्यापन कराया जाए। उनका कहना है कि निष्पक्ष एवं त्रुटिरहित मतदाता सूची के लिए प्रत्येक संदिग्ध नाम की जांच आवश्यक है।

प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि मतदाता सूची में कथित गड़बड़ियों का निष्पक्ष सत्यापन नहीं हुआ तो वे आगे भी प्रशासन के समक्ष अपनी मांग उठाएंगे। साथ ही दोषी पाए जाने वाले अधिकारी-कर्मचारियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की मांग की गई।

# त्योहारों को लेकर कोटड़ी में प्रशासन अलर्ट, सीएलजी बैठक में यातायात व्यवस्था पर मंथन

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी ग्रामीण**

**दिनेश पारीक ।** आगामी त्योहारों को लेकर प्रशासन और पुलिस ने तैयारियां तेज कर दी हैं। सोमवार शाम थाना परिसर में एसडीएम प्रीति मीणा की अध्यक्षता में सीएलजी सदस्यों की बैठक हुई। डीएसपी सुरेश कुमार डाबरिया व थाना प्रभारी गजेंद्र सिंह राठौड़ ने सदस्यों से त्योहारों के दौरान कानून व्यवस्था और यातायात व्यवस्था को लेकर चर्चा की।

बैठक में कस्बे में भारी वाहनों का प्रवेश रोककर बाईपास से निकालने, आवारा पशुओं को गौशाला भिजवाने तथा पार्किंग व्यवस्था को लेकर सुझाव दिए गए। प्रशासन ने कार्यक्रमों के दौरान हथियार,



आतिशबाजी, तेज आवाज वाले डीजे और भड़काऊ नारे लगाने पर रोक के निर्देश दिए। बैठक में भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रहलाद सेन, राजू तेली, कांग्रेस नगर कमेटी अध्यक्ष सत्यनारायण आचार्य, श्री कल्याण आचार्य, देबीलाल जाट, मांगू मोहम्मद मेवाती, हसन मेवाती, शौकत कुरैशी, कालू बिसारती व हाजी मोहम्मद मंसूरी सहित सीएलजी सदस्य मौजूद रहे।



QUICK BITES

## 51 कांवड़िए त्रिवेणी संगम से कांवड़ में जल लेकर पहुंचे पहुंचे बनकाखेड़ा, नीलेश्वर महादेव का किया जलाभिषेक

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**



**( सांवर वैष्णव ):-** सवाईपुर कस्बे से के निकटवर्ती बनकाखेड़ा गांव में सोमवार को विशाल कावड़ यात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें त्रिवेणी संगम से कावड़ लेकर सवाईपुर व बनकाखेड़ा पहुंचने पर माला पहनाकर कांवड़ियों का स्वागत किया गया । नीलेश्वर महादेव का जलाभिषेक किया गया । कांवड़ियों ने बताया कि बनकाखेड़ा में नीलेश्वर महादेव मंदिर विशाल कावड़ यात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें सोमवार प्रातः 9:15 बजे पंडित धनश्याम शर्मा के द्वारा पूजा-अर्चना व भोलेनाथ की परिक्रमा कर जयघोष के साथ त्रिवेणी संगम से 51 कांवड़िए कांवड़ में जल लेकर प्रारंभ हुए, जो बिगोद, नयागांव, कुड़ी, सवाईपुर, ढ़ेलाणा होते हुए बनकाखेड़ पहुंचे, इस दौरान सवाईपुर कस्बे में सांवरमल जाट के द्वारा कांवड़ियों को माला पहनाकर स्वागत किया और शरबत, अल्पाहार करवाया । इसके बाद कांवड़ यात्रा का बनकाखेड़ा चौराहे पर भी स्वागत किया, गाजे-बाजे के साथ कावड़ यात्रा नीलेश्वर महादेव मंदिर पर पहुंची, इस दौरान ग्रामीणों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर कावड़ यात्रा का स्वागत किया, कावड़ यात्रा में युवक-युवतियां, महिला-पुरुष और बच्चे बड़े ही श्रद्धा और भक्ति के साथ शामिल हुई । सोमवार सायं 6:15 बजे नीलेश्वर महादेव की पूजा-अर्चना कर मंत्रोच्चार के साथ त्रिवेणी संगम से कावड़ में लाये जल से महादेव का जलाभिषेक किया गया ।।

## बाबा वैद्यनाथ से नीलेश्वर महादेव के अभिषेक के लिए निकली डाक कांवड़ यात्रा का हुआ स्वागत

**भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़।**



झारखंड के देवघर स्थित बाबा वैद्यनाथ ज्योतिर्लिंग से कोटड़ी के नीलेश्वर महादेव के अभिषेक के लिए निकली डाक कांवड़ यात्रा का शक्करगढ़ स्थित चामुंडा माता भंडारा स्थल पर भव्य स्वागत किया गया। 151 घंटे में करीब 1551 किलोमीटर की दूरी तय कर 56 कांवड़ियों का दल शक्करगढ़ पहुंचा। कांवड़ियों ने बाबा वैद्यनाथ ज्योतिर्लिंग से पवित्र जल लेकर नीलेश्वर महादेव के अभिषेक का संकल्प लिया है। लंबी दूरी की इस यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं में धार्मिक आस्था और उत्साह देखने को मिला। कांवड़ियों के शक्करगढ़ पहुंचने पर चामुंडा माता भंडारा समिति एवं स्थानीय लोगों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान पूरा माहौल भक्तिमय हो गया।

इस अवसर पर तत्कालीन प्रधान पति किशोर शर्मा, बंटी धोबी सहित भंडारा समिति के सदस्य पप्पू खटीक, बालू खटीक, राधेश्याम माली, हीरा खारोल सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने कांवड़ियों के लिए चाय-नाश्ते की व्यवस्था की। समिति सदस्यों एवं स्थानीय लोगों ने कांवड़ियों की मंगलमय यात्रा की कामना करते हुए उनका स्वागत किया।




# मनोकामना पूरी हुई तो 450 किमी पैदल पहुंचे रामदेवरा

**समेलिया को नई ग्राम पंचायत का दर्जा मिलने पर ग्रामीणों ने पूरा किया संकल्प, ध्वज लेकर 10 दिन में पहुंचे बाबा रामदेव के दरबार**

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।**

नई ग्राम पंचायत बनने की मनोकामना पूरी होने पर समेलिया गांव के ग्रामीणों ने आस्था, विश्वास और संकल्प की अनूठी मिसाल पेश की। ग्रामीणों ने बाबा रामदेव जी से मनोकामना मांगी थी कि यदि बिलिया से अलग होकर समेलिया को नई ग्राम पंचायत का दर्जा मिलता है तो वे पैदल रामदेवरा पहुंचकर बाबा के दरबार में धोक लगाएंगे। मनोकामना पूरी होने के बाद ग्रामीणों ने अपने संकल्प को निभाते हुए करीब 450 किलोमीटर की पैदल यात्रा की।

**13 अगस्त को ध्वज लेकर शुरू की यात्रा**

सरपंच प्रतिनिधि अर्जुन बैरवा ने बताया कि ग्रामीण 13 अगस्त को समेलिया से ध्वज लेकर रामदेवरा के लिए पैदल रवाना हुए। यात्रा के दौरान ग्रामीण बाबा रामदेव जी के जयकारे लगाते हुए आगे बढ़ते रहे। करीब 450 किलोमीटर की लंबी दूरी तय करने में कई कठिनाइयां और थकान सामने आई, लेकिन बाबा के प्रति आस्था और मनोकामना पूरी होने की खुशी ने ग्रामीणों का उत्साह बनाए रखा।

**10 दिन में पहुंचे बाबा के दरबार**

ग्रामीणों ने प्रतिदिन लंबी दूरी तय करते हुए करीब 10 दिन में रामदेवरा पहुंचकर बाबा रामदेव जी के दर्शन किए। ध्वज के साथ बाबा के दरबार में पहुंचकर ग्रामीणों ने मनोकामना पूरी होने पर धोक लगाई और गांव की खुशहाली,



नई ग्राम पंचायत के विकास तथा क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की।

**गांव लौटकर पूरा किया संकल्प**

दर्शन के बाद ग्रामीण वापस समेलिया के लिए रवाना हुए और सोमवार को गांव लौटे। ग्रामीणों ने बताया कि समेलिया को नई ग्राम पंचायत बनाने की लंबे समय से इच्छा थी। इसी दौरान बाबा रामदेव जी के दरबार में मनोकामना रखी गई थी। ग्राम पंचायत बनने के बाद इसे बाबा की कृपा मानते हुए ग्रामीणों ने पैदल रामदेवरा जाने का संकल्प लिया और उसे पूरा किया।

**ये ग्रामीण रहे यात्रा में शामिल**

पदयात्रा में सरपंच प्रतिनिधि अर्जुन बैरवा, समाजसेवी ओम प्रकाश तेली, प्रहलाद जाट, मुकेश बैरवा, ओम प्रकाश बैरवा, देवी लाल बैरवा, करमचंद बैरवा, अर्जुन नायक, दुर्गा लाल बैरवा, सुखलाल बैरवा, कालू बैरवा और भागचंद बैरवा सहित ग्रामीण शामिल रहे।

# 25 किलोमीटर दौड़कर त्रिदेव महादेव के दरबार पहुंचे युवा

**90 मिनट में पूरी की डाक कावड़ यात्रा, आगे डीजे की धुन, बीच में दौड़ते कावड़िए और पीछे मोटरसाइकिलों का काफिला**

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।**

सावन मास में भगवान भोलेनाथ के प्रति आस्था और श्रद्धा का अनूठा नजारा देखने को मिला। आमली कालूसिंह से ग्रामीण युवाओं की टोली डाक कावड़ और धार्मिक ध्वजा लेकर करीब 25 किलोमीटर तक लगातार दौड़ते हुए त्रिदेव महादेव कंवलियास मंदिर पहुंची। युवाओं ने यह सफर महज 1 घंटे 30 मिनट में पूरा किया। डाक कावड़ यात्रा के दौरान युवाओं की एकजुटता, अनुशासन और आपसी सहयोग देखने को मिला। आगे डीजे की धुन पर भक्ति गीत, बीच में कावड़ लेकर दौड़ते युवा और पीछे मोटरसाइकिलों का काफिला पूरे 25 किलोमीटर तक आस्था और जोश का ऐसा संगम नजर आया, जिसने यात्रा को यादगार बना दिया। इस दौरान हर-हर महादेव और बम-बम भोले के



जयकारों से वातावरण शिवमय बना रहा।

**एक थका तो दूसरे ने संभाली कावड़**

यात्रा की सबसे खास बात युवाओं का आपसी समन्वय रहा। डाक कावड़ लेकर एक युवक लगातार दौड़ता रहा। थकान महसूस होने पर दूसरा युवक तुरंत आगे आया और कावड़ अपने हाथों में लेकर दौड़ने लगा। इसके बाद



अन्य युवा भी बारी-बारी से कावड़ संभालते रहे। इस दौरान कावड़ रुकी नहीं और युवाओं ने एक-दूसरे का उत्साह बढ़ाते हुए अपनी रफ्तार बनाए रखी।

**90 मिनट में तय किया 25 किलोमीटर का सफर**

आमली कालूसिंह निवासी अंकुश शर्मा ने बताया कि युवाओं ने करीब 25 किलोमीटर की दूरी महज 90 मिनट में दौड़ते हुए पूरी की। लगातार दौड़ के बावजूद युवाओं के उत्साह में कोई कमी नहीं आई। हाथों में धार्मिक ध्वजा और कावड़ तथा जुबां पर महादेव के जयकारे लिए युवा आगे बढ़ते रहे। पीछे चल रहा मोटरसाइकिलों का काफिला भी पूरे रास्ते युवाओं का उत्साह बढ़ाता रहा।

**महादेव का जलाभिषेक कर मांगी खुशहाली**

त्रिदेव महादेव कंवलियास मंदिर पहुंचने के बाद युवाओं ने भगवान शिव का जलाभिषेक कर विधिवत पूजा-अर्चना की। भगवान महादेव के दर्शन कर क्षेत्र में सुख-शांति, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। युवाओं की यह डाक कावड़ यात्रा क्षेत्र में भक्ति, समर्पण और युवा ऊर्जा की मिसाल बनी।

# कोटड़ी श्याम में जलझूलन महोत्सव का शंखनाद, 22 सितंबर को निकलेगी भव्य शोभायात्रा

**13 से 23 सितंबर तक भक्ति और संस्कृति का महासंगम, दीपावली की तरह जगमगाएगा कोटड़ी**

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी**

**राजेन्द्र बबलू पोखरना ।**

मेवाड़ के प्रमुख आस्था केंद्र कोटड़ी श्याम में वर्ष के सबसे बड़े धार्मिक आयोजन जलझूलन महोत्सव-2026 की तैयारियां तेज हो गई हैं। 13 से 23 सितंबर तक आयोजित होने वाले महोत्सव के पोस्टर का विमोचन सोमवार को मंदिर ट्रस्ट एवं श्रद्धालुओं की मौजूदगी में किया गया। इसके साथ ही महोत्सव को लेकर तैयारियों का शंखनाद हुआ।

महोत्सव का मुख्य आकर्षण 22 सितंबर को रहेगा। इस दिन भगवान श्री कोटड़ी चारभुजानाथ निज महल से बाहर निकलकर रजत रेवाड़ी में विराजमान होंगे। श्रद्धालु रजत रेवाड़ी को कंधों पर उठाकर नगर भ्रमण करवाएंगे। इस दौरान जगह-जगह आरती, पुष्पवर्षा और जयकारों के साथ



प्रभु का स्वागत किया जाएगा। हजारों श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है।

**दीपावली की तरह सजेगा कोटड़ी**

मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष सुदर्शन गाड़ोदिया ने बताया कि महोत्सव को लेकर कोटड़ी कस्बे को आकर्षक विद्युत सज्जा एवं धार्मिक झांकियों से सजाया जाएगा। मंदिर परिसर, बाजारों और प्रमुख मार्गों पर विशेष रोशनी की जाएगी, जिससे शाम होते ही पूरा कस्बा जगमगाता नजर आएगा।

**13 से 23 सितंबर तक होंगे आयोजन**

महोत्सव की शुरुआत 13 सितंबर को रासलीला से होगी। इसके बाद गणेश पूजन, अभिषेक, हवन-आरती, शोभायात्रा, रासलीला, कावड़ यात्रा, भजन संध्या, सुंदरकांड, छप्पन भोग दर्शन, सांस्कृतिक कार्यक्रम और कवि सम्मेलन सहित विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन होंगे।

20 सितंबर को कवि सम्मेलन और 21 सितंबर को भजन संध्या आयोजित होगी। वहीं 22 सितंबर को दोपहर 3 बजे भव्य शोभायात्रा निकलेगी। रात 8 बजे से अगले दिन सुबह 9 बजे तक भजन संध्या का आयोजन होगा।

महोत्सव में राजस्थान सहित दूर-दराज के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना को देखते हुए सुरक्षा, यातायात, पेयजल सहित अन्य व्यवस्थाओं को लेकर भी तैयारियां की जा रही हैं।

पोस्टर विमोचन के दौरान मंदिर ट्रस्ट पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# दाधीच युवा प्रकोष्ठ ने रक्तदान को बनाया जन अभियान का लक्ष्य

**13 सितंबर के शिविर की तैयारियों पर मंथन, वाहन रैली के जरिए देंगे सामाजिक जागरूकता का संदेश**

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

समाजसेवा और सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से दाधीच युवा प्रकोष्ठ की बैठक आयोजित हुई। बैठक में आगामी दधीचि जयंती के अवसर पर होने वाले रक्तदान शिविर सहित विभिन्न सामाजिक गतिविधियों को लेकर युवाओं ने एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया। बैठक की अध्यक्षता दाधीच युवा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष कुश आचार्य ने की। उन्होंने आगामी 13 सितंबर रविवार को आयोजित होने वाले रक्तदान शिविर को सफल बनाने के लिए युवाओं को जिम्मेदारियां सौंपते हुए अधिक से अधिक लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित



करने का आह्वान किया। रक्तदान शिविर के आयोजन के लिए नीरज दाधीच लापिया, विकास जोशी एवं अमित व्यास को संयोजक नियुक्त किया गया। बैठक में समाज में व्याप्त विभिन्न कुरीतियों को समाप्त करने तथा सामाजिक चेतना को मजबूत करने का भी संकल्प लिया गया। दाधीच युवा प्रकोष्ठ की ओर से सामाजिक जागरूकता के उद्देश्य से वाहन रैली निकालने का निर्णय भी लिया गया। पदाधिकारियों ने कहा कि रैली को सफल बनाने के लिए समाज के युवाओं को सामूहिक रूप से भागीदारी निभानी होगी। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश तिवारी ने कहा कि दधीचि जयंती पर आयोजित रक्तदान शिविर को सफल बनाने के लिए सभी युवाओं को एकजुट होकर कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि रक्तदान के प्रति समाज में जागरूकता बढ़ाने के साथ जरूरतमंदों की सहायता के लिए युवाओं की सक्रिय भागीदारी जरूरी है। बैठक में लोकेश भट्ट, जुगल किशोर, संजय शर्मा, दिलीप गोरखिया, नारायण दाधीच, अंकित व्यास, अतुल शर्मा, वीरेंद्र शर्मा, नीरज नरेंद्र ओझा दाधीच, योगेश शर्मा, आदित्य ओझा, गोविंद शर्मा, प्रशांत जोशी, लव आचार्य, जितेंद्र दाधीच, सुमंत व्यास सहित अनेक युवा मौजूद रहे।

# सावन के अंतिम सोमवार को काछोला में निकली महाकाल की भव्य सवारी, जयकारों से गूंजा शहर





**भीलवाड़ा फोकस @ काछोला।**

सावन मास के अंतिम सोमवार के पावन अवसर पर शहर में शिव भक्तों की ओर से भगवान महाकाल की भव्य सवारी निकाली गई। सवारी में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उत्साह और श्रद्धाभाव के साथ भाग लिया। भगवान महाकाल के जयकारों से पूरा शहर भक्तिमय नजर आया।

सवारी के दौरान शिव भक्तों ने भगवान महाकाल की पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि, खुशहाली और शांति की कामना की। श्रद्धालु भक्ति गीतों और जयकारों के साथ सवारी में शामिल हुए। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने महाकाल के दर्शन कर पूजा-अर्चना की।

सावन के अंतिम सोमवार को लेकर सुबह से ही शिवालयों में श्रद्धालुओं की भीड़ रही। भक्तों ने भगवान शिव का जलाभिषेक एवं पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि की प्रार्थना की। महाकाल की सवारी के दौरान धार्मिक वातावरण बना रहा और लोगों में विशेष उत्साह देखने को मिला।

शिव भक्तों ने बताया कि सावन का महीना भगवान शिव की आराधना के लिए विशेष माना जाता है। सावन के अंतिम सोमवार पर महाकाल की सवारी निकालकर भगवान शिव के प्रति अपनी आस्था और भक्ति प्रकट की गई। सवारी के समापन पर श्रद्धालुओं ने भगवान महाकाल की आरती कर प्रसाद ग्रहण किया। महाकाल की सवारी के चलते काछोला शहर मे धार्मिक माहौल बना रहा। श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह के साथ आयोजन में सहभागिता निभाई और सावन के अंतिम सोमवार को श्रद्धा एवं भक्ति के साथ मनाया।

## बड़लियास में गूंजा हरिबोल का जयघोष, 135 गांवों की प्रभात फेरियों से भक्तिमय हुआ पूरा गांव

**भीलवाड़ा फोकस @ बड़लियास**

बड़लियास में सोमवार को सातवां हरिबोल प्रभात फेरी सम्मेलन श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ भव्य रूप से संपन्न हुआ। श्री 1008 श्री बगीची के बालाजी जी महाराज की असीम अनुकंपा एवं समस्त ग्रामवासियों और धर्मप्रेमियों के सहयोग से आयोजित इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।



सम्मेलन की सबसे बड़ी विशेषता रही कि 135 गांवों से प्रभात फेरियां बड़लियास पहुंचीं। विभिन्न गांवों के श्रद्धालु अपने-अपने ध्वज और बैनर के साथ प्रभात फेरी में शामिल हुए। गांव के मुख्य-मुख्य मार्गों से होकर निकली प्रभात फेरियों के दौरान हरिबोल के जयघोष, भजनों और धार्मिक नारों से पूरा बड़लियास भक्तिमय हो उठा।

प्रभात फेरियों के भव्य स्वागत एवं जलपान के बाद श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह के साथ नगर भ्रमण किया। रास्ते में ग्रामीणों एवं धर्मप्रेमियों ने प्रभात फेरियों का स्वागत किया। 135 गांवों से आए श्रद्धालुओं की मौजूदगी ने सम्मेलन की भव्यता को और बढ़ा दिया।

इसके बाद बगीची के बालाजी मंदिर प्रांगण में धर्मसभा का आयोजन हुआ, जिसमें धर्मप्रेमियों ने धार्मिक विचारों का श्रवण किया। धर्मसभा के पश्चात श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसादी का आयोजन किया गया। 135 गांवों की प्रभात फेरियों के संगम से बड़लियास में दिनभर धर्म और भक्ति की अनूठी छटा देखने को मिली। आयोजन को लेकर ग्रामवासियों में खासा उत्साह रहा और सातवां हरिबोल प्रभात फेरी सम्मेलन श्रद्धा एवं धार्मिक एकता का संदेश देते हुए भव्य रूप से संपन्न हुआ।

## शाहपुरा में बनेगा पहला महाकाल मंदिर, प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव का आगाज

**नर्मदेश्वर मंदिर से निकली मंगल कलश एवं जागरूकता यात्रा, आज होगी महाकाल मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा**

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।**

**मूलचन्द पेसवानी।** धर्मनगरी शाहपुरा की आध्यात्मिक धरती पर सोमवार को महाकाल मंदिर एवं शिव परिवार की प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव का विधिवत शुभारंभ हुआ। उम्मेदसागर रोड स्थित गायत्री शक्तिपीठ परिसर में आयोजित महोत्सव में धार्मिक अनुष्ठानों के साथ मंगल कलश एवं जागरूकता यात्रा निकाली गई। खास बात यह है कि शाहपुरा में स्थापित होने वाला यह महाकाल का पहला मंदिर है। आयोजन गायत्री परिवार के तत्वावधान में किया जा रहा है।

**नर्मदेश्वर मंदिर से निकली मंगल कलश यात्रा**

महोत्सव के प्रथम दिन भीलवाड़ा रोड स्थित नर्मदेश्वर मंदिर से मंगल कलश एवं जागरूकता यात्रा निकाली गई। यात्रा से पहले कलशों का विधि-विधान से पूजन किया गया। इसके बाद शिवभक्तों और गायत्री परिवार के उपासकों ने उत्साहपूर्वक




यात्रा शुरू की।

यात्रा में श्रद्धालु सिर पर मंगल कलश लेकर शामिल हुए। साथ ही गायत्री परिवार के संस्कार, सद्विचार एवं जनजागरण से जुड़े संदेशों की तख्तियां भी आकर्षण का केंद्र रहीं। धार्मिक जयघोष और जनजागरण के संदेशों से वातावरण भक्तिमय हो गया।

**शक्तिपीठ पहुंचने पर हुआ स्वागत**

मंगल कलश यात्रा के गायत्री शक्तिपीठ पहुंचने पर विधि-विधान से स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। गायत्री परिवार के ट्रस्टी दुर्गालाल जोशी ने बताया कि यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं का सम्मान करने के बाद प्रसाद स्वरूप अल्पाहार कराया गया। उन्होंने बताया कि महाकाल मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर गायत्री परिवार के पदाधिकारी, ट्रस्टी एवं शिवभक्त पूरी श्रद्धा से तैयारियों में जुटे हैं।

**वैदिक अनुष्ठानों से गूंजा शक्तिपीठ**

महोत्सव के प्रथम दिन अभिजीत मुहूर्त में धार्मिक अनुष्ठानों का शुभारंभ हुआ। पं. अशोक पौंडरीक के संयोजन एवं अगुवाई में दूर्वा पूजन, हवन, मूर्तिवास सहित विभिन्न वैदिक अनुष्ठान संपन्न हुए। मंत्रोच्चार, हवन और शिवभक्ति के जयघोष से पूरा परिसर आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर रहा।

**शाम को हुआ विशाल दीप यज्ञ**

महोत्सव के प्रथम दिन शाम को गायत्री शक्तिपीठ परिसर में विशाल दीप यज्ञ का आयोजन किया गया। इसमें सामूहिक साधना, सद्बुद्धि, संस्कार एवं समाज में सकारात्मक चेतना का संदेश दिया गया। बड़ी संख्या में गायत्री उपासकों और शिवभक्तों ने भाग लिया।

**आज होगी प्राण-प्रतिष्ठा और शिवाभिषेक**

ट्रस्टी दुर्गालाल जोशी ने बताया कि मंगलवार को सुबह 9.15 बजे से मुख्य धार्मिक कार्यक्रम शुरू होंगे। इस दौरान हवन, महाकाल मंदिर एवं शिव परिवार की प्राण-प्रतिष्ठा तथा भगवान शिव का विधि-विधान से शिवाभिषेक कराया जाएगा। अनुष्ठानों की पूर्णाहुति के बाद दोपहर में महाप्रसादी का आयोजन होगा।

## सैनिकों के नाम 205 राखियां भेजकर जताया सम्मान, रक्षाबंधन पर संकल्प ईको ग्रुप की अनूठी पहल

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।**

**शुभम जैन ।** रक्षाबंधन के पावन पर्व पर देश की सीमाओं पर तैनात वीर सैनिकों के प्रति सम्मान, स्नेह और भाईचारे का भाव प्रकट करते हुए संकल्प ईको ग्रुप की ओर से अनूठी पहल की गई। ग्रुप द्वारा सैनिक भाइयों के लिए अब तक 205 राखियां भारतीय डाक के माध्यम से भेजी गई हैं।

देश की रक्षा के लिए अपने परिवार से दूर रहकर सीमाओं पर कर्तव्य निभा रहे जवानों तक राखी और शुभकामनाएं पहुंचाने के उद्देश्य से यह पहल की गई। ग्रुप सदस्यों ने बताया कि सैनिकों के प्रति सम्मान व्यक्त करने के साथ उन्हें यह एहसास कराना भी इस पहल का उद्देश्य है कि देशवासी उनके साथ परिवार की तरह जुड़े हुए हैं।

**भारतीय डाक के माध्यम से भेजी राखियां**






संकल्प ईको ग्रुप की ओर से राखियों को भारतीय डाक के माध्यम से भेजने की व्यवस्था की गई। इसमें भीलवाड़ा मंडल एवं भीलवाड़ा पूर्व उपमंडल का सहयोग रहा। शाखा डाकपाल अब्दे मुनाफ कुरैश के समन्वय से राखियां भेजी गईं। इस दौरान डाकघर बिजौलिया के सदस्य सोनू मीणा एवं मुनाफ शेख भी मौजूद रहे।

ग्रुप के फाउंडर अंशुल जैन एवं आयुष जैन, को-फाउंडर आकांक्षा जैन एवं अविका जैन तथा ग्रुप से जुड़े लाड़ जैन ने बताया कि सैनिक भाइयों तक राखी पहुंचाना केवल सामाजिक पहल नहीं, बल्कि देश की रक्षा में समर्पित जवानों के प्रति सम्मान, कृतज्ञता और अपनत्व व्यक्त करने का माध्यम है। राखियां भेजने में संकल्प ईको ग्रुप की पूरी टीम का विशेष सहयोग रहा। ग्रुप सदस्यों ने कहा कि देश की सीमाओं पर तैनात सैनिक हमारे लिए परिवार के सदस्यों के समान हैं। उनके साथ रक्षाबंधन का यह भावनात्मक जुड़ाव आगे भी जारी रखने का प्रयास किया जाएगा।

QUICK BITES

## रक्षाबंधन पर भाई की नौकरी के लिए बहन की अनूठी आस्था

**10 किलोमीटर की दंडवत यात्रा कर पहुंची लक्ष्मीनाथ मंदिर, भाई की सुख-समृद्धि की मांगी मन्नत**

**भीलवाड़ा फोकस @ आकोला।**



**जसवंत पारीक,** रक्षाबंधन के पावन पर्व पर भाई-बहन के प्रेम और आस्था की अनूठी मिसाल देखने को मिली। भाई नीरज की नौकरी लगने पर मांगी गई मन्नत पूरी होने की खुशी में बहन किरण ने करीब 10 किलोमीटर की दंडवत यात्रा शुरू की।

किरण ने सवाईपुर से दंडवत यात्रा करते हुए गेगा का खेड़ा स्थित भगवान लक्ष्मीनाथ मंदिर पहुंचकर अपनी मन्नत पूरी की। भाई की नौकरी लगने की खुशी और उसकी सुख-समृद्धि की कामना को लेकर किरण की यह श्रद्धा क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है। दंडवत यात्रा के दौरान रास्ते में ग्रामीणों ने भी किरण का हौसला बढ़ाया। रक्षाबंधन जैसे भाई-बहन के पवित्र रिश्ते के पर्व पर किरण की आस्था और समर्पण का यह दृश्य लोगों के लिए भावुक करने वाला रहा। उनकी श्रद्धा ने पर्व के धार्मिक और भावनात्मक महत्व को और गहरा कर दिया।

## सुटेपा ग्रामवासियों की ओर से निकली विशाल कांवड़ यात्रा, चंवरा के हनुमान जी से सुटेपा महादेव मंदिर पहुंचा कांवड़ दल

**भीलवाड़ा फोकस @ बड़लियास**



सावन माह के पावन अवसर पर सोमवार को सुटेपा ग्रामवासियों की ओर से विशाल कांवड़ यात्रा निकाली गई। कांवड़ यात्रा का शुभारंभ बड़लियास के निकटवर्ती चंवरा के हनुमान जी महाराज के मंदिर से हुआ।

सुबह 9:15 बजे पुजारी रोशन वैष्णव के सानिध्य में महाआरती की गई। इसके बाद कांवड़ियों ने विधि-विधानपूर्वक कांवड़ यात्रा प्रारंभ की। श्रद्धालु कांवड़ में पवित्र जल लेकर भगवान महादेव के जलाभिषेक के लिए सुटेपा महादेव मंदिर पहुंचे।

सुटेपा महादेव मंदिर पहुंचने पर पंडितों के सानिध्य में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भगवान महादेव का विधि-विधानपूर्वक जलधारा अभिषेक किया गया। इस दौरान कांवड़ियों और श्रद्धालुओं ने हर-हर महादेव और बोल बम के जयकारों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

कांवड़ यात्रा को लेकर सुटेपा ग्रामवासियों में विशेष उत्साह देखने को मिला। श्रद्धालुओं ने भगवान महादेव से क्षेत्र में सुख-समृद्धि, खुशहाली और अच्छी वर्षा की कामना की।

## अंतिम सोमवार पर नर्मदेश्वर महादेव का शस्त्रधारा अभिषेक

**रुद्री पाठ के साथ किया जलाभिषेक, क्षेत्र में अच्छी बारिश और खुशहाली की कामना**

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।**



**शुभम जैन ।** श्रावण मास के अंतिम सोमवार को श्री नर्मदेश्वर महादेव मंदिर में श्रद्धा और भक्ति का माहौल रहा। इस अवसर पर श्री नर्मदेश्वर महादेव कमेटी के सदस्यों ने भगवान भोलेनाथ का शस्त्रधारा अभिषेक एवं पंचामृत स्नान कराया। रुद्री पाठ के साथ भगवान शिव का जलाभिषेक कर क्षेत्र में अच्छी बारिश और खुशहाली की कामना की गई।

कमेटी अध्यक्ष दीपक सोनी ने बताया कि धार्मिक मान्यता के अनुसार शस्त्रधारा अभिषेक एवं पंचामृत स्नान से भगवान शिव प्रसन्न होते हैं और भक्तों के कष्ट दूर होते हैं। इसी भावना के साथ कमेटी सदस्यों ने विधि-विधान से भगवान का अभिषेक कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि और खुशहाली की प्रार्थना की।

अभिषेक के बाद भगवान नर्मदेश्वर महादेव का आकर्षक श्रृंगार किया गया। श्रद्धालुओं ने भगवान के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। इसके बाद आरती का आयोजन हुआ तथा श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। पूरे आयोजन के दौरान मंदिर परिसर में भक्तिमय वातावरण बना रहा।

## सांसद अग्रवाल ने सीमाओं पर तैनात वीर जवानों के लिए भेजीं 101 राखियां

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से भारतीय डाक के माध्यम से देश की सीमाओं पर मातृभूमि की रक्षा में तैनात वीर जवानों एवं उनके परिवारों तक राखियां पहुंचाने के अभियान के तहत भीलवाड़ा सांसद अग्रवाल की ओर से 101 रक्षा सूत्र (राखियां) भेजी गईं।

सांसद प्रवक्ता विनोद झुरानी ने बताया कि रक्षाबंधन के पावन पर्व पर सांसद अग्रवाल ने देश की रक्षा में तैनात जवानों और उनके परिजनों के प्रति सम्मान एवं कृतज्ञता व्यक्त करते हुए 101 राखियां स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेजीं। इन राखियों को अधीक्षक डाकघर, भीलवाड़ा मंडल सुनील कुमार मीणा को सुपुर्द किया गया।

सांसद अग्रवाल ने कहा कि देश की सुरक्षा के लिए समर्पित वीर सैनिकों का त्याग और शौर्य प्रत्येक नागरिक के लिए प्रेरणास्त्रोत है। रक्षाबंधन पर भेजा गया यह रक्षा सूत्र सैनिक भाइयों के प्रति सम्मान, स्नेह और आत्मीयता का प्रतीक है। उन्होंने संदेश दिया कि देश की सीमाओं पर तैनात सैनिकों की कलाई तक राखी और बहनों का प्यार पहुंचना चाहिए।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।